आओ सब मिल कर खेलें

सम्मानपूर्ण सम्बन्ध तथा लैंगिक समानता के बारे में एक
सम्बादात्मक संगीतमय मनोरंजक कार्यक्रम

बच्चे बड़ों का व्यवहार देख कर ही सीखते हैं। यदि आप अपने पति/ पत्नी के प्रति समान भाव रखते हैं तथा उन्हें पूर्ण सम्मान देते हैं तो आपके बच्चे भी इसी तरह आपका अनुसरण करेंगे। यदि आप या आपके पति/ पत्नी एक दूसरे पर चिल्लाएंगे और असम्मानजनक शब्दों का प्रयोग करेंगे तो आप के बच्चे भी यही व्यवहार दोहराएंगे। घर में एक दूसरे के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार आपके बच्चों को भी इन्ही मूल्यों के साथ बड़े होने के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा वे वर्तमान और भविष्य में इन्ही मूल्यों को अपने स्वयं के संबंधों में लागू करेंगे।

अपने बच्चों को पारम्परिक रूढ़िवादी तथ्यों पर सवाल उठाना सिखायें। लड़के गुलाबी रंग क्यों पसंद नहीं कर सकते? लड़कियों का ट्रकों और मशीनों के प्रति रुझान एकदम ठीक है। यदि आपके बच्चे आपकी परवरिश के दौरान धीरे-धीरे एक पारखी नज़र ग्रहण करते हैं तो यह उन्हें विभिन्न माध्यमों द्वारा फैलाई जा रही रूढ़िवादी विचारधाराओं को ख़ारिज करने मैं सहायक सिद्ध होगा।

अपने बच्चों को ऐसी फिल्मों, टीवी कार्याक्रमों तथा इंटरनेट के सम्पर्क में आने से बचाएं जो भेदभाव पूर्ण विचारधारा को बढ़ावा देते हों तथा जो आपके पारिवारिक मूल्यों के समर्थन में न हों।

अपने बच्चों को लिंग के आधार पर कार्य न सोपें। लड़कियां घर का कूड़ा कर्कट बाहर जा कर कूड़ादान में फैंक आने में उतनी ही सक्षम हैं जितने की लड़के घर के जूठे बर्तन साफ़ करने में हैं।

याद रखें कि जितना कोई सम्बन्ध समानता पर आधारित होगा उतना ही अधिक सुरक्षित होगा। लैंगिक समानता तथा स्वस्थ, सम्मानजनक रिश्तों का एक दूसरे से गहरा सम्बन्ध है। लैंगिक असमानता को पुरे ऑस्ट्रेलिया में फैली बच्चों तथा महिलाओं कि असुरक्षा की

Playgroup Victoria | Victoria State Government | Hullaballoo Music for All! | drummond street services Supporting All Families Since 1887 | Gandel Philanthropy

We acknowledge the traditional owners of the land where we work and pay respects to elders past, present and future.

समस्या से जोड़ कर देखा जाता है। एक सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। आप निर्णय करें कि " बच्चों के खिलौनो और शयन कक्षों में से लड़का तथा लड़की को भिन्न दर्शाते चिन्हों को समाप्त करना है।" यह एक बहुत सहायक सांस्कृतिक परिवर्तन है, हमेशा अपने बच्चों को उनकी रूचि के आधार पर खिलौने चुनने के लिए प्रोत्साहित करें।

सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे ये महसूस कर रहें हैं कि माँ के पास अभी भी घर में वित्तीय अधिकार तथा सामर्थ्य है, भले ही इस समय वो बच्चों के पालन पोषण की एक बिना वेतन की भूमिका में है। पारस्परिक पारिवारिक निर्णयों की प्रवृति को बढ़ावा दें।

सक्रियतापूर्वक अपने बच्चों का पक्ष लें तथा ऐसे लोगों को समझाने का प्रयास करें जो, "तुम्हें अपने बाल कटाने चाहिए, तुम एक लड़की की तरह दिखते हो" या " तुमको एक लड़की के जैसे दिखना चाहिए" जैसे असहायक विचार व्यक्त करते हैं। आपको क्रोध करने की आवश्यकता नहीं है, केवल यह कह देना की हम इन विचारों से सहमत नहीं हैं, आमतौर पर काफी प्रभावशाली होता है।

रूढ़िवादिता तथा बच्चों के लिए लैंगिक शब्दावली के प्रयोग से बचें। Melissa Atkins Wardy द्वारा लिखी गई पुस्तक, " Redefining Girly: How Parents Can Fight the Stereotyping and Sexualizing of Girlhood, from Birth to Tween" तथा Stephen James द्वारा लिखी गई एक अन्य पुस्तक, " Wild Things: The Art of Nurturing Boys" बहुत सहायक पुस्तकें हैं।

यदि आप खुद को अपनी बेटी के जोखिम उठाने पर उसे सावधानी बरतने तथा अपने बेटे के भावुक महसूस करने पर उसे मज़बूत बने के लिए कहते पाते हैं- तो सोचें कि वे आप से किस तरह के सन्देश ग्रहण कर रहे हैं। यह आवश्यक है कि लड़के और लड़कियां एक ही तरह के जोखिम उठाएं तथा एक ही तरह से अपनी भावनाओं को व्यक्त करें। हो सकता है की ऐसा न हो, परन्तु इन कार्यकलापों में उन्हें निरन्तर प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है।

अपने बच्चों के जीवन में सम्मिलित पुरुषों को प्रोत्साहित करें कि वे बच्चों की

परवरिश/देखभाल में सक्रिय भूमिका निभाएं। बच्चों को मजबूर न करें कि वे भी कार्यों को वैसे ही करें जैसे आप करतें हैं और न ही उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों की आलोचना करें। बच्चों की परवरिश में मूल नियमों को निरन्तर लागु करने के बाद, इसमें कोई कोई बुराई नहीं कि बच्चे पालन पोषण की विभिन्न शैलियों का अनुभव करें।

लोगों को अपने बच्चों का अनुचित वर्गीकरण न करने दें। यदि प्रारंभिक शिक्षा के शिक्षक आपकी पुत्री को लड़कों की तरह व्यवहार करने वाली कहते हैं या आपके पुत्र की भावनात्मक ज़रूरतों के बारे में नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, तो उन्हें सहसम्मान सही करें। अनुचित वर्गीकरण किसी के लिए भी लाभकारी नहीं होता।

ये केवल विचारने योग्य कुछ सुझाव हैं। आप अपने बच्चों को सबसे अधिक जानतें हैं- आपका व्यवहार तथा कार्य शैली आपके बच्चों पर अति महत्वपूर्ण प्रभाव डालतें हैं। अपने बच्चों की परवरिश का आनंद उठायें।

यदि आपने आज की सभा का आनंद प्राप्त किया और आप जानना चाहतें हैं कि इस कार्यक्रम को आप स्व्यं कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं तो आप ड्रम्मोण्ड स्ट्रीट सर्विसेज़ से हेलेन को 9663 6733 पर संपर्क कर सकते हैं।

किसी भी टिप्पणी और/या प्रश्नों के साथ आप हमें संपर्क कर सकते हैं- आपके द्वारा संपर्क हमें उत्साहित करेगा।

कुछ अन्य विचार योग्य पुस्तकें:





We acknowledge the traditional owners of the land where we work and pay respects to elders past, present and future.